हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 स्वास्थ्य विभाग ने अवैध क्लिनिकों पर मारा छापा...





13 अंचल में धूमधाम से मनाया नवाखाई पर्व नए...







आवश्यकता है

कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये

- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ


आकर्षक वेतन दिया जाएगा

काका होजियरी

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

फोन : 9893744470


## खबर संक्षेप



### खड़मा में सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम खड़मा में गणेश उत्सव के अवसर पर एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ठाकुर देव पारा नव युवा गणेश उत्सव समिति द्वारा 30 अगस्त की रात को नवरंग छत्तीसगढ़ी लोक कला लड़की नाचा पर्टि की प्रस्तुति होगी। यह कला मंच ओडिशा के नुवापड़ा जिले के मौलीभाटा से है। समिति ने क्षेत्र के सभी निवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लें।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बड़गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ मारपीट के मामले में तुमगांव पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हिंरौदी ने बताया कि 27 अगस्त की शाम 4 बजे उसका देवर मुकेश निषाद पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहा था।

## विडंबना : पुल-पुलिया निर्माण की तरफ विभाग ने नहीं दिया ध्यान

# करोड़ों खर्च, फिर भी टापू बना सिंहार पुल के अभाव में थम जाता है जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के उत्थान पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी उनके जीवन स्तर में कोई खास बदलाव नहीं आया है। आज भी ये ग्रामीण पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

मैनपुर मुख्यालय से लगभग 13 किलोमीटर दूर, विशेष पिछड़ी कमार जनजाति का गाँव सिंहार है। यहाँ के ग्रामीणों के लंबे संघर्ष के बाद 3-4 साल पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों की लागत से पक्की सड़क तो बना दी गई, लेकिन इसका कोई खास फायदा नहीं हो रहा। इस सड़क मार्ग पर पड़ने वाले दो नदी-नालों पर आज तक पुल-पुलिया का निर्माण नहीं हुआ है। बारिश के चार महीनों में ये नाले उफान पर रहते हैं, जिससे गाँव का बाकी दुनिया से संपर्क पूरी तरह कट जाता है। सिंहार गांव, जिसकी आबादी लगभग 400 है, इन दिनों टापू में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों को राशन और अन्य जरूरी सामान लेने के लिए जिडार गाँव जाना पड़ता है, लेकिन नदी में बाढ़ के कारण वे ऐसा नहीं कर पाते। स्वास्थ्य संबंधी आपातकाल में भी ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिड़ार ग्राम पंचायत के सरपंच मुकेश कपिल ने बताया कि उन्होंने कई बार पुल निर्माण की मांग की है, लेकिन विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है।

राशन और इलाज के लिए होती है भारी परेशानी





### स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली

ग्राम पंचायत दबनई के आश्रित गांव छिन्दौला, धोबीपारा और लुठापारा के कमार जनजाति के लोग भी सरकारी योजनाओं का इंतजार कर रहे हैं। इन गाँवों में बिजली पहुँच गई है, लेकिन हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण फसलें अक्सर बर्बाद हो जाती हैं। छिन्दौला में स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इसकी मरम्मत कराने के बजाय, विभाग ने इसे वहा से 4 किलोमीटर दूर फरसरा के एक सरकारी भवन में स्थानांतरित कर दिया है। ग्रामीण चाहते हैं कि छिन्दौला में ही नया उप-स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाए, ताकि उन्हें इसका लाभ मिल सके।



### बांस के बर्तन ही आजीविका का सहारा

इन कमार जनजाति के लोगों का मुख्य पेशा आज भी बांस के बर्तन बनाना है। खेती-किसानी यहाँ की पथरीली जमीन के कारण संभव नहीं है। ये ग्रामीण जंगल से बांस लाकर दिन-रात मेहनत से सूप, टुकनी, झाड़ू आदि बनाते हैं और इन्हें मैनपुर के साप्ताहिक बाजार में बेचकर अपनी आजीविका चलाते हैं। इन समुदायों के विकास के लिए अभी भी एक ठोस और प्रभावी कार्ययोजना बनाने की जरूरत है, ताकि उनके जीवन स्तर में वास्तविक सुधार लाया जा सके।

# राजिम में नशेड़ियों का उत्पात पुलिस से कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

शहर में नशेड़ियों के बढ़ते उत्पात से लोग बेहद परेशान हैं। खासकर वार्ड 14 और 15 के निवासी इस समस्या से सबसे ज्यादा त्रस्त हैं। इस परेशानी को लेकर वार्ड 15 के पार्षद प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू के साथ कई स्थानीय लोगों ने राजिम थाना पहुँचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा और उचित कार्रवाई की मांग की। पार्षद प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू ने बताया कि राजिम में कई ऐसी जगहें हैं जहाँ शाम होते ही शराबियों और गांजा पीने वालों का जमावड़ा लग जाता है।

**इनमें से कुछ प्रमुख स्थान हैं-** इसके अलावा, वार्ड 14 के अंदरूनी हिस्सों में भी देर रात तक नशेड़ी इकट्ठा होते हैं, जिनमें कई छोटे बच्चे भी शामिल हैं।

**बढ़ती चोरी और तोड़फोड़ की घटनाएं-** ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि वार्ड 15 के नवाडीह में लगातार चोरी और सरकारी संपत्तियों में तोड़फोड़ की घटनाएं हो रही हैं। नशे में धुत ये लोग सार्वजनिक शौचालय, लाइब्रेरी के शीशे, तालाब किनारे के गार्डन की लाइट और नल की पाइप जैसी चीजों को नुकसान पहुँचा रहे हैं। हाल ही में एक हफ्ते में दो बार दोपहिया वाहनों की चोरी की घटना भी सामने आई है। इन सब घटनाओं से परेशान होकर स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस पर तुरंत लगाम लगाने की अपील की है। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव का ध्यान भी इस गंभीर समस्या की ओर दिलाया है।

### सात वर्षीय अर्पित का शव 36 घंटे बाद नहर से मिला



**गरियाबंद/राजिम/पाण्डुका।** गरियाबंद जिले के पाण्डुका थाना क्षेत्र में तीजा जैसे खुशी भरे पर्व पर एक दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। 7 वर्षीय अर्पित यादव का शव नहर से मिलने से न केवल परिवार, बल्कि पूरे गाँव में मातम पसरा हुआ है। अर्पित अपनी माँ के साथ तीज मनाने अपने नाना आसाराम यादव के घर आया था। 26 अगस्त को वह अचानक लापता हो गया था, जिसके बाद ▶▶ शेष पेज 13 पर




## खबर संक्षेप



### नुआखाई पर्व पर अवकाश मिलने पर मुख्यमंत्री और विधायक का जताया आभार

**रायपुर।** ओडिया समाज और उत्कल समाज द्वारा नए फसल की खुशी में हर साल नुआखाई पर्व पूरे छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाया जाएगा। ओडिया समाज और उत्कल समाज के लोग सामाजिक एकता, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देंगे। इस मौके पर समाज सेविका व महिला नेत्री सावित्री जगत ने नुआखाई पर्व पर अवकाश मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा का आभार जताया। श्रीमती जगत ने बताया कि बुजुर्गो एवं समाजिक मानयताओ के अनुसार नुआखाई से हमें नया जीवन मिलता है हमें हर वर्ष नुआखाई से नया शुरुआत करनी चाहिए, नुआखाई उत्कल समाज का एक सामाजिक माह पर्व है, जिसमें नई फसल मुख्य रुप से है। उन्होंने कहा कि नई फसल मुख्य रुप धान की नई फसल और अन्य चिवड़ा, मूंग, पीठा कर अपने देवी-देवता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की दुआ मांगते हैं।

### सेजबहार सोसाइटी में किया पौधारोपण



**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था के सहयोग से रेसिडेंट कोऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस 2 सेजबहार रायपुर में सोसाइटी परिसर में पौधारोपण किया गया। परिसर में नीम, जामुन, कटहल, कदंब, महुआ, आंवला इत्यादि के लगभग 500 पौधे रोपे गए। इस दौरान ग्रीन आर्मी संस्था व हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस 2 सेजबहार से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात



**रायपुर।** नगर निगम द्वारा शहीद स्मारक भवन को ठेके पर निजी एजेन्सियों को देने की तैयारी के विरोध में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन का प्रतिनिधि मंडल 27 अगस्त को उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मिला। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद स्मारक भवन सामान्य भवन नही है बल्कि छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मारक है। ऐसे पवित्र स्मारक को आय का स्त्रोत बनाना उन वीरों का अपमान है जिन्होंने अपार कष्ट सहते हुए देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। साथ हीं निगम की इस कदम पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। वहीं उप मुख्यमंत्री द्वारा इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान मंडल प्रतिनिधियों में बबीता नत्थनी, प्रभात केयूर भूषण, केके अग्रवाल, राजेन्द्र उमाठे, पीआर अहीर, चन्द्रकांत पांडे, महेश दुबे, राजेन्द्र चतुर्वेदी व प्रवीण दीक्षित शमिल रहे।

### हाईटेक जालसाजों ने प्रोफेसर सहित तीन के साथ की 40 लाख की ठगी

**रायपुर।** साइबर फ्रॉड करने वालों ने राजधानी के तीन लोगों के साथ 40 लाख रुपए की साइबर ठगी की है। ठगी के शिकार होने वालों में डेंटल कालेज के एक प्रोफेसर, वकील तथा एक महिला शामिल है। ठगी के दो मामले शेयर ट्रेडिंग के नाम पर मुनाफा तथा एक अन्य मामले में जालसाज ने एक ई-स्कूटर कंपनी का कर्मी बनकर वकील को ठगी का शिकार बनाया है। अंजोरा स्थित एक निजी मेडिकल कालेज के प्रोफेसर टाटीबंध निवासी जयंत चंद्राकर ने आमानाका थाना में अज्ञात के खिलाफ 26 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। जयंत ने पुलिस को बताया कि उसने अपने फेसबुक अकाउंट में फायर्स नाम से एक एप देखा।

# ट्रेन का जनरल टिकट मिलेगा मिनटों में, मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन में यात्रियों को जनरल टिकट बनाने के लिए टिकट काउंटर की लंबी लाइनों में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बुधवार से स्टेशन पर यात्रियों के लिए तत्काल जनरल टिकट बनाने की नई आधुनिक मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की शुरुआत कर दी गई है। इस नए आधुनिक सिस्टम से स्टेशन पर टीटीई मिनट भर में हाईटेक तरीके से यात्रियों का जनरल टिकट काटेंगे।

बता दें कि राजधानी के रेलवे स्टेशन पर यात्री अनारक्षित टिकट काउंटर पर रोजाना लंबी लाइन पर लग कर जनरल टिकट बनाने की असुविधा से जूझते रहे हैं। स्टेशन पर रेल यात्रियों की इस समस्या से जुड़े मामले को हरिभूमि समाचार पत्र लगातार प्राथमिकता से प्रकाशित करता रहा है। अब चूंकि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल ने स्टेशन पर यात्रियों के लिए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग की आधुनिक सेवा की सुविधा उपलब्ध कराई है, तो निश्चित ही इससे यात्रियों को जनरल टिकट बनाने के लिए काउंटर के सामने लंबी कतार से राहत मिलेगी। इसके साथ ही रेल यात्रियों की समय की बचत के अलावा जनरल टिकट बनाने के दौरान ट्रेन छूटने की झंझट से भी निजात मिलेगी। स्टेशन पर मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की शुरुआत पर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों का जनरल टिकट अब टीटीई बनाएंगे। इससे टिकट बनाने यात्रियों को ना लंबी लाइन की झंझट रहेगी, ना ही घंटों इंतज़ार करना पड़ेगा।

यात्रा के दौरान टीटीई हाथों-हाथ सीधे यूटीएस टिकटिंग मशीन से टिकट बनाकर यात्रियों को उपलब्ध कराएगा, जिससे यात्रा सरल और तेज बनेगी। यह भी कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से टिकटिंग प्रणाली में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर रायपुर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद भी उपस्थित रहे।

### मोबाइल यूटीएस मशीन से 3 मिनट में यात्रा टिकट मिलेगा

टीटीई स्टेशन परिसर में मोबाइल यूटीएस मशीन द्वारा 3 मिनट के भीतर यात्रियों को टिकट उपलब्ध करा सकेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों से आग्रह किया है कि यात्री अधिक से अधिक डिजिटल भुगतान को अपनाकर रेलवे की इस नवीन पहल का लाभ उठाएं और रेलवे को अधिक स्मार्ट और सुविधाजनक बनाने में सहयोग करें। इन मशीनों से इन माध्यमों से टिकट बुक कर टिकट काउंटर में लगने वाली लाइन से निजात पाएं और अपना कीमती समय बचाकर सुहाने सफर का लाभ उठाएं।



- डीआरएम ने 5 नए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग मशीनें स्टेशन टीटीई स्टाफ को सौंपी, यात्रियों को टिकट काउंटर की लंबी लाइन से मिलेगी राहत

*स्टेशन पर डीआरएम ने सेवा का किया शुभारंभ : स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक दयानंद द्वारा मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा का शुभारंभ किया गया। डीआरएम ने 5 नए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग मशीन टीटीई स्टाफ को सौंपी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि यह मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा रायपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं की कड़ी में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे स्टेशन के यात्रियों को यात्रा के दौरान तत्काल टिकट प्राप्त करने में आसानी होगी। इसी तरह आने वाले समय में इन मशीनों की संख्या में और इजाफा किया जाएगा। साथ ही यात्रियों के लिए लगातार रेलवे की ओर से आधुनिक सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा रही है। स्टेशन पर मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा से अब टीटीई यात्रियों के लिए सीधे मोबाइल से टिकट बना सकेंगे। इससे टिकट काउंटर पर लंबी कतारों से राहत मिलेगी। इससे यात्रियों का सफ़र सुविधाजनक बनेगा।*

### कार्रवाई : मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक में दवाएं, इंजेक्शन और उपचार के कई उपकरण मिले

# स्वास्थ्य विभाग ने अवैध क्लिनिकों पर मारा छापा, नोटिस थमाकर लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध क्लिनिकों पर जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को दबिश दी। यह कार्रवाई हाल ही में पेंड्रा में एक झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से युवक की मौत के बाद तेज हुई है। गरियाबंद कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हरीश चौहान के नेतृत्व में 5 सदस्यीय टीम ने मैनपुर ब्लॉक के कई ठिकानों पर छापा मारा। भाठीपारा में एक कमरे में चल रहे मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक में दवाएं, इंजेक्शन और उपचार के कई उपकरण मिले। दोनों जगह संचालक बिना अनुमति के क्लिनिक चला रहे थे, लेकिन ठोस कार्रवाई के बजाय उन्हें सिर्फ नोटिस थमाकर टीम वापस लौट गई।

**स्कूल में छिपाया सामान, कई क्लिनिकों पर ताले-** अगली छापेमारी में टीम सरना बहाल पहुंची, जहां एक शिक्षक द्वारा इलाज किए जाने की जानकारी मिली। टीम के आने की भनक लगते ही शिक्षक ने कथित क्लिनिक से सारा सामान हटा दिया और कुछ उपकरणों को स्कूल की लैब में छिपा दिया। पूछताछ में उसने बरामद सामग्री को निजी उपयोग के लिए बताया। इस कार्रवाई की खबर मिलते ही मैनपुर के अमलीपदर क्षेत्र में सक्रिय 30 से ज़्यादा झोलाछाप डॉक्टर दुबक गए। कई क्लिनिकों के दरवाजे पर ताला लटका मिला। खड़ारीपारा में जानवरों का इलाज करने वाले एक व्यक्ति का क्लिनिक भी बंद पाया गया।





#### मृत्यु के बाद हुई एफआईआर, आरोपी फरार

इस बीच, अमलीपदर के दो झोलाछाप डॉक्टरों संजू मंडल और बबलू तांडी पर एक युवक की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। इन दोनों ने 40 वर्षीय पुरुषोत्तम ध्रुव का बवासीर का इलाज 30 हजार रुपये में तय किया था। 23 अगस्त को पीड़ित की तबीयत बिगड़ने पर वे उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग गए थे, जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश जारी है। जिला नर्सिंग एक्ट के नोडल अफसर हरीश चौहान ने बताया कि जहाँ भी नियम-विरुद्ध संचालन के प्रमाण मिले हैं, उन्हें नोटिस दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन्हें क्लिनिक चलाना है, उन्हें नियमानुसार पंजीयन कराना होगा, और अवैध क्लिनिकों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# शिक्षकों के लिए नई शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर/गरियाबंद

जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर के निर्देश पर फिंगेश्वर विकासखंड में कक्षा छठी के हिंदी और गणित विषयों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ है। यह प्रशिक्षण 27 से 31 अगस्त तक विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केंद्र के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्घाटन विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने किया। रामेंद्र कुमार जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण शिक्षकों को अधिक सक्षम बनाता है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के लिए विषय को सरल और रुचिकर बनाने का प्रयास करने को कहा। उनका मानना है कि एक प्रशिक्षित शिक्षक कक्षा में सकारात्मक और गतिशील माहौल बनाता है, जिससे बच्चों को स्कूल आने में खुशी होती है। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षा छठी की पाठ्यपुस्तकों में बदलाव किया गया है। नया पाठ्यक्रम अधिक व्यावहारिक और समझ-आधारित है, जिससे छात्र सक्रिय रूप से सीखने में भाग ले सकें। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल और कौशल विकास के माध्यम से बुनियादी भाषा और संख्यात्मक ज्ञान सिखाना है।

#### मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विषयों का गहन प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के दौरान, मास्टर ट्रेनर्स शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दोनों विषयों का गहन ज्ञान दे रहे हैं। गणित विषय के मास्टर ट्रेनर गोपाल कंसारी, युगल किशोर यदु और रेखा राजपूत पैटर्न, ज्यामितीय आकृतियों, क्षेत्रफल और परिमाप जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। हिंदी विषय के मास्टर ट्रेनर जयप्रकाश भोई, आशाराम साहू और ओम प्रकाश साहू शिक्षकों को नई पाठ्यपुस्तकों को कक्षा में पढ़ाने के लिए ज्ञान, समझ और विश्लेषणात्मक कौशल पर जोर दे रहे हैं। इस अवसर पर विकासखंड के पूर्व माध्यमिक शालाओं के शिक्षक उपस्थित थे, जिन्हें प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सामग्री भी प्रदान की गई, ताकि वे इसे और अधिक प्रभावी बना सकें।

### संगम का अद्भुत नजारा, नदियों का जलस्तर बढ़ा...



**राजिम।** पैरी, सोंढुर और महानदी के संगम स्थल राजिम में गुरुवार को नदियों का नजारा समुद्र जैसा विशाल दिखाई दिया। यह नजारा तब देखने को मिलता है जब ऊपरी इलाकों में भारी बारिश होती है या फिर सिकासार और गंगरेल जैसे जलाशयों से पैरी और महानदी में पानी छोड़ा जाता है। इस बारिश के मौसम में यह पहली बार है जब संगम पर इतना भव्य और मनमोहक दृश्य देखने को मिल रहा है, जिसने यहाँ के सौंदर्य को और भी बढ़ा दिया है।

### निदान 1100 में आवारा कुत्तों की शिकायत, 15 को पकड़ा, कराई सर्जरी

**रायपुर।** मोवा क्षेत्र में मंगलवार को 5 वर्षीय बालक विवेक यादव पर आवारा कुत्तों के हमले की खबर के बाद नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम हरकत में आई है। जन शिकायत की ऑनलाइन प्रणाली निदान 1100 में मोवा, अंवतिविहार, शंकरनगर, चंगोराभाठा क्षेत्र से आवारा कुत्तों को पकड़ने लोगों ने शिकायत की। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने डॉग केचर भेजकर 15 आवारा कुत्तों की इन क्षेत्रों में धरपकड़ की। पकड़े गए कुत्तों को डॉग केचर वाहन की सहायता से शासकीय पशु चिकित्सालय बैरनबाजार ले जाया गया, जहां पशु चिकित्सकों के मार्गदर्शन में उनकी सर्जरी कराई गई। शहर में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने अब अलग-अलग इलाकों से फोन कर ऑनलाइन शिकायत करनी शुरू कर दी है। पिछले 1 माह में शहरभर से 611 शिकायतें लोगों ने निदान 1100 में आवारा कुत्तों को पकड़ने की है। इसमें 431 शिकायतों का समय रहते निराकरण हुआ, वहीं 161 शिकायतें ऐसी भी रहीं, जिसमें शिकायतकर्ता को समय पर रिस्पांस नहीं मिला।

# डेढ़ करोड़ का गार्डन बनकर तैयार, सितंबर से लोगों को मिलेगी मनोरंजन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आरटीओ ऑफिस के पास बिरगांव निगम क्षेत्र में पहला गार्डन बनकर तैयार है। सितंबर में रावांभाठा, कैलाश नगर, बंजारी नगर और डीएम टॉवर जैसी पॉश कॉलोनी में रहने वाले लोगों को भी गार्डन में मॉर्निंग वॉक और मनोरंजन की नई सुविधा मिलने वाली है। इस गार्डन का रखरखाव और संचालन करने के लिए निगम ने जिम्मेदारी तय करने का निर्णय लिया है। इस तरह की व्यवस्था लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए है।रावांभाठा क्षेत्र के लोगों को मनोरंजन की नई सुविधा देने की कवायद अब रंग लाने वाली है। इस सुविधा के लिए निगम ने शासन से मंजूरी मिलते ही निर्माण एजेंसी से काम शुरू करवाया था। आरटीओ कार्यालय के पास 1.56 करोड़ में लोगों को मॉर्निंग वॉक की नई सुविधा देने के लिए प्रस्तावित गार्डन बनकर तैयार है। एजेंसी ने जमीन समतल करने के बाद काम शुरू किया और तय समय पर इस प्रोजेक्ट को पूरा किया है। इसके चलते हर्षित विहार क्षेत्र के लोगों को भी मनोरंजन की सुविधा के लिए अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा। गार्डन के आसपास खान-पान के लिए स्पाट विकसित होगा। इससे परिवार के साथ घूमने आने वाले लोगों को बेहतर माहौल मिलेगा। गार्डन को उपद्रवी तत्वों से बचाने के लिए सुरक्षा इंतजाम भी किए जाएंगे।

#### हरियाली के लिए निगम ने रोपे पौधे

*निगम ने जिस स्थान पर गार्डन विकसित किया है, वहां हरियाली के लिए पेड़-पौधे भी रोपे गए हैं। बरसात में विभिन्न तरह के पौधे रोपने से अब हरियाली भी बिखरने लगी है। काली मिट्टी डालने का काम पूर्व में किया गया था। सालभर पहले रोपे गए सैकड़ों पौधे अब आकार लेने लगे हैं। आगामी महीने में घूमने-फिरने की सुविधा देने की तैयारी है। सुबह गार्डन में पहुंचने वालों के लिए पाथवे निर्माण और योगाभ्यास के लिए योग स्थल भी बनवाया गया है। यहां सुबह और शाम को घूमने पहुंचने वाले लोगों को सेहत बनाने के लिए नई सुविधा मिलने वाली है।*

- बिरगांव निगम क्षेत्र की जनता को सितंबर में आरटीओं कार्यालय के पास मिलेगी सौगात



#### जल्द लोगों को मिलेगी नई सुविधा

गार्डन का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसका उद्घाटन करने के लिए डिप्टी सीएम अरुण साव और ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से समय मिलने पर आगे की प्रक्रिया करेंगे। गार्डन की देखभाल करने के लिए वहां कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई जाएगी।
- **नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

#### पहले गार्डन में मिलेगी यह सुविधा

ट्रांसपोर्ट नगर में लोगों की मांग पर निगम ने गार्डन बनवाने की प्रक्रिया शुरू की थी। गार्डन बनाने से पहले बाउंड्री बनाने के बाद आने-जाने के लिए दो आकर्षक गेट बनाए गए हैं। इसके बाद गार्डन में पौधा रोपण, पेवर, घूमने आने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की गई है। स्ट्रीट लाइट का काम भी कुछ दिनों में एजेंसी को पूरा करने कहा गया है। गार्डन को निगम ने समय पर पूरा करने का प्रयास किया। निगम सूत्रों ने बताया कि डिप्टी सीएम एवं विभागीय मंत्री अरुण साव से उद्घाटन के लिए समय मिलते ही सितंबर में लोगों को नई सुविधा मिलेगी।

# आउटर वार्ड के नए इलाकों में शुरू होगा डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन, रामकी ने 10 नई गाड़ियों का दिया आर्डर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- ठेका एजेंसी करा रही सर्वे, 15 सितंबर तक आएगी रिपोर्ट
- निगम को यूजर चार्ज से होगी अतिरिक्त आय

शहर के आउटर स्थित वार्डो में तेजी से हो रहे नए निर्माण और आवासीय कालोनी से नगर निगम डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था देगा। इसके लिए शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी एजेंसी आउटर इलाके का सर्वे करा रही है। इसकी रिपोर्ट 15 सितंबर तक प्राप्त होगी। रामकी कंपनी ने नए इलाकों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन करने 10 नई गाड़ियां खरीदने आर्डर दिया है। इससे न केवल शहर के आउटर वार्ड में सफाई का दायरा बढ़ेगा, साथ ही यूजर चार्ज के रूप में नगर निगम को अतिरिक्त आय मिलने लगेगी।

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो में निकलने वाले कूड़ा के डोर टू डोर कलेक्शन, परिवहन और सकरी स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में वैज्ञानिक तरीके कचरे का निष्पादन करने वाली अनुबंधित एजेंसी रामकी अब आउटर में तेजी से बन रही कालोनी, रहवासी इलाकों का सर्वे करा रही है। एक महीने से चल रहे सर्वे की रिपोर्ट 15 सितंबर तक मिलेगी।

रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार ने हरिभूमि को बताया कि आउटर के इलाकों में सफाई का दायरा बढ़ाने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नए इलाकों का सर्वे कराया जा रहा है। इन इलाकों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य के लिए 10 अतिरिक्त सफाई वाहन की जरूरत होगी। इसके लिए 10 नई गाड़ियों का आर्डर दिया है।



#### शहरभर में 256 सफाई वाहन, रोज निकल रहा 570 मीट्रिक टन कचरा

वर्तमान में नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डो में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए रामकी एजेंसी ने 256 सफाई वाहन की व्यवस्था की है। इसके अलावा 35 गाड़ियां रिजर्व के रूप में सुरक्षित रखी गई हैं। ठेका एजेंसी प्रतिदिन शहरभर से 570 मीट्रिक टन सूखा और गीला कचरा कलेक्शन कर सकरी स्थित लैंडफिल साइट पहुंचाती है। इसके अलावा नवा रायपुर से भी रोजाना 12 टन कूड़ा वहां की गाड़ियों में भरकर रामकी के पास पहुंच रहा है। आने वाले दिनों में शहर के आउटर इलाके से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किए जाने पर शहरभर से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा की मात्रा और अधिक बढ़ेगी।

# परसदा में मटका फोड़ व कुर्सी दौड़ हुई



**नवापारा-राजिम।** ग्राम परसदा में नवयुवक समिति के तत्वावधान में गौरा चौक में तीजहारिन खेल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवयुवक समिति के गजेन्द्र वर्मा ने बताया कि ससुराल से तीज पर्व मनाने मायके पहुंची बेटियां, बुआ, बहनों ने उत्साह के साथ बचपन को याद करते हुए कुर्सी दौड़, मटका फोड़ एवं रस्साकसी कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें मटका फोड़ प्रथम उषा साहू, कुर्सी दौड़ में वंदना वर्मा प्रथम एवं उषा साहू द्वितीय स्थान पर रही। वहीं रस्साकसी में कुसुम साहू व साथी प्रथम एवं इन्द्राणी वर्मा एवं साथी द्वितीय स्थान पर रही। सभी विजेता प्रतिभागी को नवयुवक समिति द्वारा नगद राशि भेंटकर बेटियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के निर्णायक की भूमिका पुरन साहू, दुष्यंत वर्मा एवं उकेश तारक ने निभाई। संचालन पिंटू हिरवानी, विनोद सेन ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता पुरन साहू ने कहा कि तीजा पर्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है बल्कि है सामाजिक की जड़ता और पारिवारिक मेलजोल का भी पर्व है। तीजा का पर्व ही एक मात्र ऐसा अवसर होता है जिसमें सबको अपनी बचपन के संग सहेलियों से मिलने का अवसर मिलता है। सबसे मिलकर बचपन की यादें ताजा हो जाती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इन्द्राणी वर्मा, आरती साहू, नीरा वर्मा, टेमिन वर्मा, राधा साहू, वंदना वर्मा, निर्मला वर्मा, अंजनी वर्मा, कुसुम साहू, गायत्री साहू, धनेश्वरी वर्मा सहित तिजहारिन बहनों की विशेष रूप से सहभागिता रही.उक्त इनाम स्व.ताम्रध्वज साहू, स्व. अविनाश साहू की स्मृति में फगेश साहू एवं नवयुवक समिति द्वारा रखा गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवयुवक समिति के गजेन्द्र वर्मा, साहू,ओंकार साहू, बीरबल साहू, ओंकार यादव, चंद्रशेखर सेन, कैलाश साहू, कुलदीप सेन, दीपक साहू, दानी साहू, उमेश वर्मा, लोकेश वर्मा, रितेश तारक, वेदप्रकाश साहू, जागेश्वर साहू, मुकेश साहू, अभय साहू, लल्ला सेन, धनेश्वर साहू, खिलेन्द्र साहू का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### तीजा-पोरा उत्सव समारोह में विजेताओं को किया पुरस्कृत

**महासमुंद।** ग्राम अछोली के रामायण चौक में युवा उत्सव समिति के तत्वावधान में तीजा-पोरा, उत्सव समारोह मटकी फोड़, खो-खो, कुर्सी दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की की गई।
मटकी फोड़ में प्रथम चमेली साहू, कुर्सी दौड़ में पूनम साहू, दूसरा शारदा (डेरहीन साहू), तीसरा खिलेश्वरी साहू रही। खो-खो में पूनम साहू की टीम प्रथम, शारदा (डेरहीन साहू) की टीम द्वितीय रही। इन विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। पूनम साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम हमें अपने बचपन की याद दिलाती है। कबड्डी, मटकी फोड़, खो-खो हम लोग स्कूल टाइम में अपने गांव में रहकर खेला करती थी। आज यह यादें ताजा हो गई है। शारदा ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में संतोष साहू, विष्णु साहू, गोवर्धन साहू, मन्नू साहू, खिलेश्वर साहू, कमलेश साहू, मोहन साहू, पुष्कर साहू, नीलकंठ साहू आदि का सहयोग रहा।

### किचन गार्डन का निर्माण करना सीख रहे हैं केवी के विद्यार्थी



**महासमुंद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थी किचन गार्डन का निर्माण करना सीख रहे है। पीएमश्री स्कूल योजना के अंतर्गत किचन गार्डन का निर्माण किया गया है। विद्यालय के शिक्षक जेके चंद्राकर ने बीज बोने के पूर्व आवश्यक तैयारियों के बारे में जानकारी प्रदान किया। प्राचार्य संजय कंसल ने बताया कि किचन गार्डन का निर्माण करने से बहुत से फायदे होते है। किचन गार्डन से ताज़ी और पौष्टिक सब्ज़ियां, स्वच्छ और सुरक्षित भोजन प्राप्त होता है। रसोई का बचा पानी और जैविक कचरा खाद बनाने में काम आता है। पौधे ऑक्सीजन देते हैं और आसपास की हवा शुद्ध करते हैं। बच्चों को प्रकृति, पौधों और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में सीखने का अवसर मिलता है। किचन गार्डन में भिंडी, बैगन, मिर्च, बरबट्टी उगाया गया है। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को इसके बारे जानकारी प्रदान की जा रही है। विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, जेके चंद्राकर, नीलमाधव सिंह और कर्मचारी रिखी चंद्राकर निरंतर किचन गार्डन निर्माण में सहयोग प्रदान कर रहे है।

### नुवाखाई पर्व पर उत्कल समाज के लोगों के घर पहुंचे विधायक

**महासमुंद।** गुरुवार को नुआखाई के उपलक्ष्य में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शहर के उत्कल समाज के सदस्यों के घर जाकर पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समाज के लोगों ने विधायक का स्वागत, अभिनंदन किया एवं उन्हें भी पर्व की बधाई दी। उन्होंने नुआखाई का प्रसाद भी ग्रहण किया। वहीं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका के निवास भी पहुंचे और उन्हें भी परिवार सहित पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि नुआखाई पर्व ओडिशा के साथ साथ हमारे राज्य में भी कई क्षेत्रों में मनाया जाता है। यह पर्व प्रकृति एवं अपने इष्टदेव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक होता है। नए फसल को देवताओं को अर्पित किया जाता है। इसके अलावा यह पर्व सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने और अपनी जड़ों से जुड़ाव का प्रतीक है। यह न केवल उत्कल समाज अपितु सभी का पर्व है। हमारा देश त्यौहारों का देश है, हर राज्य में अलग अलग परपंराओं से संबंधित त्यौहार मनाए जाते हैं। लेकिन, त्यौहार का उद्देश्य आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना भी है। इसलिए हमें सभी के पर्व में शामिल होकर उनकी खुशियों में सहभागी बनना चाहिए।

---

पर्व : नवाखाई पर्व को लेकर उत्साह, छोटों ने बड़ों का पैर छुकर लिया आशीर्वाद

# अंचल में धूमधाम से मनाया नवाखाई पर्व नए अनाज से बने चिवड़ा का लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद-ओडिशा सीमा से लगे गरियाबंद जिले के मैनपुर और देवभोग क्षेत्रों में नवाखाई पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व में 150 गाँवों के लगभग 80 हजार परिवारों के 2 लाख लोग शामिल हुए। यह त्यौहार नई फसल के अनाज को अपने ईष्ट देव को अर्पित करने की वर्षों पुरानी परंपरा पर आधारित है। नवाखाई के अवसर पर, दूर-दराज में रहने वाले सभी लोग अपने गृह गाँवों में परिवार के साथ एकत्र हुए। घर-घर में नए अनाज से बने चिवड़ा का भोग लगाया गया। सबसे पहले इसे ईष्ट देव को अर्पित किया गया और फिर प्रसाद के रूप में ग्रहण कर पर्व मनाया गया। यह मान्यता है कि ऐसा करके लोग अच्छी फसल, स्वास्थ्य और अच्छे वातावरण के लिए प्रकृति और भगवान का धन्यवाद करते हैं। इसके बाद, परिवार के सभी छोटे सदस्यों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

नवाखाई के बाद 'जुहार भेंट' की रस्म निभाई गई, जिसने आपसी भाईचारे को मजबूत किया। मैनपुर और देवभोग नगर में बस्ती पारा से ग्राम प्रमुखों की टोलियाँ कीर्तन मंडली और धर्म ध्वजा के साथ अभिवादन के लिए निकलीं। ढोल की थाप सुनते ही हर घर से लोग बाहर आए और एक-दूसरे से मिले। बड़ों ने अभिवादन स्वीकार किया, जबकि छोटों ने आशीर्वाद लिया। यह परंपरा आपसी मनमुटाव को भुलाकर प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संदेश देती है। ओडिशा और छत्तीसगढ़ के इन सीमावर्ती क्षेत्रों में बोली और परंपराएँ एक-दूसरे से काफी मेल खाती हैं। यही कारण है कि ओडिशा पंचांग के अनुसार पंचमी तिथि के शुभ मुहूर्त में इस पर्व को मनाया गया, जिसने दोनों राज्यों की सांस्कृतिक एकता को भी दर्शाया।







### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नवाखाई पर्व



रसेला। गुरुवार को क्षेत्र में आदिवासी समाज सहित अन्य समाजों ने भी नवाखाई का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया। इस पर्व का मुख्य अनुष्ठान 'नुआखाई जुहार भेट' था, जिसके जरिए लोगों ने एक-दूसरे के प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त किया और सामुदायिक संबंधों को मजबूत किया। नवाखाई के बाद होने वाली 'जुहार भेट' एक महत्वपूर्ण रस्म है। इस दौरान लोग अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों से मिलते हैं, गले लगते हैं और बड़ों का आशीर्वाद लेते हैं। यह अनुष्ठान आपसी मतभेदों को भुलाकर रिश्तों में मिठास घोलता है। यह न केवल सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करता है, बल्कि नए चावल के मौसम के लिए एक-दूसरे को शुभकामनाएं भी देता है। इस अवसर पर, आदिवासी समाज द्वारा ग्राम रसेला में 'जुहार भेट महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक जनक राम ध्रुव उपस्थित थे। अध्यक्षता सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लेखराम ध्रुवा और लोकेश्वरी नेताम, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, और अन्य कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। महोत्सव के बाद, रात 9 बजे 'रंग सागर लोक कला लड़की नाचा गम्मत' का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में आदिवासी समाज के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने मिलकर सराहनीय योगदान दिया।

---

# राजिम में दो नए गौरव पथों को मिली स्वीकृति, क्षेत्र में विकास की नई लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ विधायक की अनुशंसा पर 88 .79 लाख रूपए की स्वीकृति मिली

विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण गौरव पथों के निर्माण के लिए 88.79 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। राज्य शासन ने मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत इन परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे संबंधित गांवों में खुशी का माहौल है।

किरवई-बेलटुकरी मार्ग से पुजेरीन दाई मंदिर तक 500 मीटर लंबे सीसी रोड सह नाली निर्माण के लिए 37.23 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। गणपत घर से चांगबंधा नाला तक 550 मीटर लंबे सीसी रोड सह नाली निर्माण के लिए 51.56 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। यह कौंदकेरा गाँव की एक पुरानी और महत्वपूर्ण मांग थी। इन परियोजनाओं की स्वीकृति मिलने पर दोनों गाँवों के निवासियों ने विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त किया है। विधायक ने भी इस पर खुशी जाहिर करते हुए ग्रामीणों को बधाई दी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का धन्यवाद किया। रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना से गाँवों में सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है, जिससे आवागमन सुगम होगा और समग्र विकास को गति मिलेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में, प्रदेश के हर कोने तक विकास की किरणें पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस स्वीकृति पर कौंदकेरा और किरवई के बाबूलाल साहू, सरपंच राधिका मनोज यादव, यथार्थ शर्मा, देवकुमारी साहू, और अन्य ग्रामीणों ने विधायक का विशेष रूप से धन्यवाद किया।

### विधायक ने मथुरा से फोन कर बीमार बालक को दिलाई मदद





**छुईहा बेलर।** गरियाबंद - राजिम विधायक रोहित साहू ने अपनी तीर्थ यात्रा के दौरान भी मानवीयता का परिचय दिया। मथुरा में होने के बावजूद, उन्हें जब एक बीमार बालक के बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत इसका संज्ञान लिया और उसके इलाज को सुनिश्चित किया। इस पर परिवार ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। विधायक साहू ने मथुरा से ही गरियाबंद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी यूएस नवरत्न को फोन किया और बीमार बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बच्चे के परिजनों से भी बात की और उन्हें सांत्वना दी। विधायक ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया कि बच्चे का समुचित और निशुल्क इलाज तब तक किया जाए, जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ न हो जाए। बीमार बालक का नाम पंचराम (उम्र 14 वर्ष) है और वह छुईहा गाँव का निवासी है। पंचराम के माता-पिता नहीं हैं, और उसकी आर्थिक स्थिति भी काफी कमजोर है। उसे 28 अगस्त की सुबह 9 बजे गरियाबंद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों के अनुसार, पंचराम के शरीर में केवल 3 ग्राम रक्त बचा है। फिलहाल, छुईहा के वासु सैलून संचालक द्वारा दिए गए एक यूनिट रक्त को चढ़ाया गया है, लेकिन उसे अभी एक और यूनिट रक्त की सख्त आवश्यकता है। पीड़ित बालक के साथ अस्पताल में मौजूद भुवनेश्वर तारक ने लोगों से अपील की है कि कोई भी सज्जन व्यक्ति जो रक्तदान करना चाहता हो, वह जिला अस्पताल गरियाबंद पहुँचकर पुण्य का भागीदार बने। विधायक रोहित साहू की इस तत्परता और संवेदनशीलता के लिए पीड़ित परिवार ने उनका तहे दिल से धन्यवाद किया है।

---

### उदंती की अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता...



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ - उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के आमामोरा पहाड़ी क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से ली गई एक तस्वीर, बारिश के मौसम में इस जगह की प्राकृतिक सुंदरता को दर्शा रही है। तस्वीर में दिख रहे झरने और जलप्रपात, अपनी मनमोहक खूबसूरती से हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। यह नजारा बताता है कि टाइगर रिजर्व में प्रकृति अपने सबसे खूबसूरत रूप में मौजूद है, जो शांति और सुंदरता की तलाश करने वालों के लिए एक बेहतरीन जगह है।

### जिला स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव में दिखाई प्रतिभा

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा के विद्यार्थियों ने नरतोरा में आयोजित जिला स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। खो-खो बाल वर्ग छात्राओं का प्रथम स्थान, विज्ञान प्रदर्श बाल वर्ग में युगीता दीवान, रागिनी ध्रुव एवं मीनराज गजेंद्र, शिशु वर्ग में लुकेश दीवान, गिरीश का प्रथम स्थान रहा। स्वरचित कविता बाल वर्ग में खुशी विश्वास, शिशु वर्ग में मेघा प्रथम, शास्त्री नृत्य में शिशु वर्ग में सोनाक्षी निर्मलकर का प्रथम, बाल वर्ग निबंध प्रतियोगिता में ईशा साहू प्रथम रहे। बाल वर्ग कबड्डी में बालकों का दूसरा स्थान व गीतापाठ में त्रिपति ध्रुव का दूसरा स्थान रहा।

---

### महिलाओं ने मनाया तीज पर्व...



**राजिम।** राजिम तहसील के कौंदकेरा गांव में तीज पर्व के मौके पर महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखा। इस दौरान, उन्होंने भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की।महिलाओं ने रात में भजन-कीर्तन कर भोलेनाथ का गुणगान किया और मंदिर जाकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस तरह, कौंदकेरा गांव में तीज का यह पारंपरिक पर्व पूरे भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

# फिंगेश्वर कृषि कॉलेज में 'दीक्षा आरंभ' कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर/गरियाबंद



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नए छात्रों का स्वागत करने के लिए 'दीक्षा आरंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 19 से 23 अगस्त 2025 तक चला, जिसका उद्देश्य नवप्रवेशित स्नातक विद्यार्थियों को चार-वर्षीय पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशेषज्ञों के साथ बातचीत का सत्र था। इसमें छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के सफल और अनुभवी लोगों से सीखने का मौका मिला डॉ. राजेंद्र भंवरिया (प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर जम्मू) उन्होंने औषधीय और सुगंधित वनस्पतियों के महत्व और उनके उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस औषधीय पौधे में कौन सा तत्व पाया जाता है और वह कैसे लाभदायक है।

डॉ. नारायण लाल वरिष्ठ वैज्ञानिक, आईसीएआर, नई दिल्ली उन्होंने बीएससी कृषि के विषयों और करियर के विकल्पों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इन विशेषज्ञों के अनुभव से छात्रों को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिला। उन्होंने अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञों ने उनके जवाब दिए, जिससे छात्रों को अपने भविष्य के लिए स्पष्टता मिली। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को खेलकूद, छात्रवृत्ति और सांस्कृतिक एकीकरण से संबंधित जानकारियां दी गईं। सहायक प्राध्यापक लेखराम वर्मा, डॉ. देवेंद्र कुमार देवांगन और डॉ. अविनाश कुमार गौतम ने व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता, संचार कौशल और टीम वर्क के महत्व पर सत्र आयोजित किए। यह आयोजन डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें डॉ. सौरभ पद्मशाली, सत्येंद्र पाटले और आदर्श कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 'दीक्षा आरंभ' कार्यक्रम से छात्रों को महाविद्यालय के माहौल और पाठ्यक्रम को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली।

---

गणेश उत्सव और ईद मिलादुन्नबी के लिए निर्देश जारी

# गणेश पंडालों में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था की जाए : टीआई दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



आगामी गणेश पर्व और ईद मिलादुन्नबी जैसे त्योहारों को देखते हुए नवापारा थाने में टीआई दीपेश जायसवाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नए तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। टीआई जायसवाल ने शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। गणेश पंडालों में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था की जाए। विद्युत वायरिंग सही तरीके से हो, किसी भी घटना-दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी आयोजन समिति की होगी। केवल मिट्टी से बनी मूर्तियां ही स्थापित की जाएं। प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों पर प्रतिबंध है। पंडाल लगाने से पहले नगर पालिका से अनुमति लेना अनिवार्य है। पंडाल केवल निर्धारित स्थानों पर ही लगाए जाएं और सड़कों को बाधित न करें। सर्वोच्च न्यायालय और एनजीटी के आदेशों का पालन करते हुए डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर या माइक का उपयोग सीमित आवाज में ही किया जाए। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं होगा। अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान और धार्मिक स्थलों से 100 मीटर की दूरी पर ही लाउडस्पीकर का उपयोग किया जाए।

### होगी कड़ी कार्रवाई

विसर्जन केवल नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही होगा और यह एक ही दिन किया जाएगा। विसर्जन के दौरान यातायात बाधित न करें और अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन न किया जाए। पंडाल में जुआ, शराब या गांजा जैसी अवैध गतिविधियां पूर्णत प्रतिबंधित रहेंगी। इन नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीआई जायसवाल ने सभी नागरिकों से इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। बैठक में नवापारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, मुस्लिम समाज के सदर मोहम्मद अल्तमश सहित कई स्थानीय प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे, जिन्होंने नियमों का पालन करने पर अपनी सहमति जताई।

पेज 11 का शेष...

### सात वर्षीय अर्पित...

आशंका जताई जा रही थी कि वह पास की नहर में गिर गया होगा। 36 घंटे के लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद, गोताखोरों की टीम और पाण्डुका पुलिस को उसका शव पोंडखार के जूठी आमा पुल के पास अटका हुआ मिला। पानी में लंबे समय तक रहने के कारण मासूम का शरीर पूरी तरह सूज गया था। पुलिस कर रही है मामले की जांच- अर्पित के शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरा गांव इस दुख की घड़ी में परिवार को सांत्वना दे रहा है। इस घटना के बारे में, एएसआई प्रहलाद ठाकुर ने बताया कि बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

**न्यायालय तहसीलदार राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ई कोर्ट प्र.क्र. 202503220200004 ब/ 121
वर्ष 2022-23
ग्राम राजिम

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मुख्य प्रबंधक इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर मंडल कार्यालय इंडियन आयल भवन राजीव गांधी मार्ग पोष्ट रविग्राम तेलीबांधा रायपुर के पत्र क्रमांक आईओसी / आरपीडीओ/ 370/ एनओसी दिनांक 04.03.2025 मय सहपत्रों सहित ग्राम राजिम खसरा नं. 635/2 पर नये पेट्रोल पंप की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र बाबत कलेक्टर महोदय गरियाबंद में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो जांच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ सर्वसाधारण को कोई आपत्ति या उजर दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम दिनांक 10/09/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। पश्चात प्राप्त आपत्ति या उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
राजिम

## खबर संक्षेप



### 7 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**छुईहा बेलर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'नया सवेरा' अभियान के तहत पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पतोरी में कमलेश गंधर्व नाम का एक व्यक्ति अपने घर के पास बाड़ी में बड़ी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने एक टीम गठित कर मौके पर दबिश दी। घेराबंदी के बाद आरोपी कमलेश गंधर्व (उम्र 29 वर्ष) को उसके घर पर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसकी बाड़ी से 10 लीटर की प्लास्टिक जरकीन में 7 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत 1,400 है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया।

### यादव समाज करेगा शिक्षा मंत्री गजेंद्र का सम्मान

**छुरा।** सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का सम्मान समारोह 30 अगस्त, शनिवार को आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा। समाज में दिख रहे भारी उत्साह और विभिन्न जिलों से आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए कार्यक्रम स्थल में बदलाव किया गया है। अब यह आयोजन दीनदयाल ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज के सामने, दुर्ग रोड, रायपुर में होगा। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने सभी समाज बंधुओं से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### नशा मुक्ति के लिए किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**अभनपुर।** शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप के. शुक्ला ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर, स्लोगन और रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशामुक्त समाज के संकल्प को सशक्त रूप दिया। मुख्य वक्ता के रूप में सनराइस फाउंडेशन की डॉ. संगीता कौशिक ने नशे के उपभोग से कैंसर को न्यौता विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मल्लिका सूर एवं फाउंडेशन के पवन द्विवेदी ने भी उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### गणेश के शारीरिक आकृति के आध्यात्मिक रहस्यों को बताया

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में परमात्म महावाक्य श्रवण करने के पश्चात सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हाकुमारी प्रीति ने पूरे ईश्वरीय परिवार को 11 दिन चलने वाले विघ्नहर्ता गणेश के शारीरिक आकृति के आध्यात्मिक रहस्यों से सीख लेकर जीवन को सफल बनाने की सलाह दी।




**उत्सव : मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर भगवान गणपति विराजमान हुए**

# बप्पा का आगमन धूमधाम से हुआ, घर-घर विराजे विघ्नहर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया ' के जयकारों से पूरा रसेला सहित क्षेत्र गूंजायमान हुआ। बुधवार को लोग ढोल ताशों की ताप पर नाचते गाते और जश्न मनाते हुए, भगवान गणेश की छोटी, मध्यम और बड़े आकार की मूर्तियां अपने अपने घरों, आवासीय परिसरों के साथ साथ सार्वजनिक पंडालों में विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर भगवान गणपति विराजमान हुए।

समृद्धि के अग्रदूत और विघ्नहर्ता कहलाने वाले भगवान गणपति के स्वागत के लिए पूरे क्षेत्र के हर गाव के गली-मोहल्ले में भव्य सजावट की गई है। रसेला में हनुमान मंदिर रंगमंच, गौरा चौक, नाका पारा, स्तंभ चौक, सहाड़ा चौक, आवास पारा, रंगमंच, बस स्टैंड,दास पारा, टेप्पापारा, कारीमाटी, बेल्डीही,लादानपारा सहित अपने अपने घरों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई है। शाम को आरती,भजन संध्या के कार्यक्रम हुए। जगह जगह सजे पंडाल और मंदिरों में दीपक, झालरों और रंग बिरंगी रोशनी से पंडाल झिलमिल उठे। श्रद्धालुओं की भीड़



देर रात तक पूजा अर्चना में शामिल होती रही। उत्सव के दौरान इन दस दिनों में कई जगहों पर संस्कृति कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि 100 सालों बाद ये चार दुर्लभ योग बने :- बताया गया कि इस बार की गणेश चतुर्थी बहुत ही दुर्लभ संयोग में मनायी जाएगी क्योंकि इस बार सौ सालों बाद धन योग, लक्ष्मी नारायण राजयोग, आदित्य योग और गजकेसरी राजयोग बना,जो भक्तों के लिए अत्यंत शुभदायी है।

**मूर्तियां भी एक से बढ़कर एक :-** विभिन्न समितियों ने गणपति की एक से बढ़कर एक छोटी बड़ी मूर्तियां विराजित की है। अपने पंडाल में गणपति की सुंदर व अलग मूर्तियां रखने के लिए समिति के सदस्यों ने माह भर पहले से ही मूर्तियां की बुकिंग कर ली थी। यहां किसी समिति में मुशक में विराजमान गणपति तो किसी ने डमरू में बैठे गणेश जी की मूर्ति रखी है। कमल पर विराजमान, त्रिशूल धारी गणपति, आराम मुद्रा में गणपति, ऋद्धि सिद्धि के साथ, खड़े गणपति व हाथ में लड्डु लेकर बैठ गणपति की आकर्षक मूर्तियां भी पंडालों में देखी जा रही है।



**माता पार्वती गणेश को झुला रही हैं झूला**

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में पैरी युवा मंच गणेश उत्सव समिति जिड़ार रोड़ द्वारा स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा को माता पार्वती झुला झुलाते मनमोहक प्रतिमा को देखने भारी भीड़ लग रही है।

## ताराचंद बोथरा स्मृति विद्यालय में हुई गणेश जी की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शहर के ताराचंद बोथरा स्मृति विद्यालय में प्राचार्य हरप्रीत कौर एवं समस्त शिक्षकों के सहयोग से श्री गणेश जी की प्रतिमा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर स्थापित किया गया। बताया कि 2019 से यहां लगातार स्थापना धूमधाम से पूजा अर्चना की जाती हैं।

## तुलसी के राम मानस परिवार को मिला संगीत साधक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

पोखरा में तीज पर्व के अवसर पर तुलसी के राम मानस परिवार को संगीत साधक सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बलिराम पटेल और कोमल साहू को उनकी कला और समाज के प्रति समर्पण के लिए दिया गया। उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, गमछा और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष श्रवण साहू ने कहा कि समाज के लिए अपनी प्रतिभा का उपयोग करने वाले कलाकारों को समय पर सम्मानित



करना हमारा कर्तव्य है। इसी सोच के साथ मानस परिवार ने इन अनुभवी कलाकारों को सम्मानित करने का फैसला किया। गायक भारत लाल साहू ने कहा कि ये दोनों कलाकार कला के प्रति हमेशा समर्पित रहे हैं, और उन्हें सम्मानित करके समिति स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है। इस अवसर पर अभिषेक साहू, धनेश ध्रुव, संतोष साहू और अन्य सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## देवगांव में ऋषि पंचमी पर सप्तऋषियों की हुई पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम देवगांव में गुरुवार को ऋषि पंचमी का पर्व पारंपरिक और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस दिन भक्तों ने सात पूजनीय ऋषियों, जिन्हें सप्तऋषि के नाम से जाना जाता है और अपने दीक्षा गुरु महेश साहू के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। ऋषि पंचमी का मुख्य उद्देश्य आत्मशुद्धि और पवित्रता प्राप्त करना है, ताकि पिछले जन्मों के दोषों से मुक्ति मिल सके। देवगांव में भक्तों ने सप्तऋषियों और गुरुदेव की पारंपरिक पूजा-अर्चना कर उनके उपकारों के लिए आभार प्रकट किया। देवशरण, दानी, डुमेंद्र, भीषम और अन्य ग्रामीणों ने ऋषि पंचमी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह दिन प्राचीन भारत के सात सबसे प्रमुख ऋषियों कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ के सम्मान में मनाया जाता है। उनका मानना है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति अनेक अशुद्धियों और दोषों से मुक्त हो जाता है। यह पर्व वैदिक ज्ञान और परंपराओं के प्रति सम्मान दर्शाता है, जो इन महान ऋषियों की वजह से ही समाज को प्राप्त हुआ है।



**पूजा विधि और अनुष्ठान**

पूजा विधि के तहत, पूजा स्थल पर सप्तऋषियों की प्रतिमा या चित्र स्थापित किए गए। भक्तों ने प्रतीकात्मक रूप से गंगाजल, दूध, पंचामृत और शुद्ध जल के साथ-साथ जनेऊ, अक्षत, रोली, चंदन, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित किए। पूजा के बाद आरती की गई और फिर शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया गया।

## गणेशोत्सव समितियों की ली गई बैठक, वितरित किए गए कूड़ेदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत दिनांक 27 अगस्त से 09 सितम्बर 2025 तक राज्य व्यापी स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 के सुचारू एवं सफल संचालन हेतु दिनांक 28.08.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत के सभाकक्ष में बैठक आहुत किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने हर वार्डो, मोहल्लों से आए सभी गणपति पांडाल के सदस्यों को स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील की एवं गणेश चतुर्थी पर्व की शुभकामनाएं दी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन ने सभी गणेश समिति के सदस्यों को स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 के अभियान को सफल बनाने के लिए आग्रह किया। एवं सभी



गणेश उत्सव समितियों को कचड़ा प्रबंधन हेतु कूडादान भी प्रदान किया गया ताकि कचड़ा आदि का व्यवस्थित निपटान हो सके।इस अवसर पर सभापति चित्ररेखा ध्रुव, पार्षद यामीन ट्रांसजेंडर, प्रकाश निर्मलकर, निखिल कोठारी, सागर नामदेव, विकास देवांगन, अखिल चौबे, राहुल टंडन, सोनू दीक्षित, यशवंत यादव, सागर नामदेव, गिरिश यादव, पोखराज, प्रकाश सिन्हा, देवेन्द्र ध्रुव, गिरिश यादव, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## जिले में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

धर्म और आस्था की नगरी गरियाबंद में बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा और गणेशोत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। राम मंदिर परिसर से शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर भाग लिया। यह यात्रा देवभोग रोड, तिरंगा चौक, मेन रोड और बाजार चौक से होते हुए वापस मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान पूरा शहर हरे रामा हरे कृष्णा और जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा से पहले कथा स्थल पर हवन-पूजन हुआ। विख्यात कथावाचक आचार्य पं. प्रेम किशोर शर्मा (तूता, नया रायपुर) ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जीवन को सही दिशा दिखाती है। उन्होंने बताया कि जहां भी कथा होती है, वहां का पूरा क्षेत्र नकारात्मकता से मुक्त होकर सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कथा को केवल



सुनने के बजाय इसे अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया। आचार्य शर्मा ने यह भी कहा कि कथा सुनने से व्यक्ति के जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं और उसका लौकिक और आध्यात्मिक विकास होता है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारे का भी आयोजन-** आयोजन के स्वागताध्यक्ष पार्षद छगन यादव ने इस कथा को गरियाबंद के लिए सौभाग्य की बात बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ धार्मिक आस्था को ही नहीं बढ़ाता, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश भी फैलाता है। उन्होंने सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की। इस आयोजन के दौरान हर दिन भजन संध्या, महिला मंडली की प्रस्तुतियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा

**28 से 31 अगस्तः** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, नंदोत्सव, बाललीला, कंस वध कथा
**1 सितंबरः** रासलीला, उधव चरित्र और रुक्मिणी विवाह
**2 सितंबरः** सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और विशेष प्रवचन
**3 सितंबरः** कथा समापन, पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण

**चारों ओर दिखाई दे रहा हरियाली और सुंदरता का मनमोहक दृश्य**

# लहलहा रही मक्के की फसल, किसानों को मुनाफा की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल मैनपुर और देवभोग क्षेत्रों में इस साल किसानों ने बड़े पैमाने पर मक्के की फसल लगाई है। मैनपुर विकासखंड में लगभग 11 हजार हेक्टेयर और देवभोग में 6 हजार हेक्टेयर में मक्का की खेती की गई है। इस समय खेतों में मक्के की फसल लहलहा रही है, जिससे चारों ओर हरियाली और सुंदरता का मनमोहक दृश्य दिखाई दे रहा है।

क्षेत्र के किसान देवीसिंह नेताम, पंचराम नेताम, प्रेमलाल विश्वकर्मा और अन्य ने बताया कि मैनपुर में अब किसान पहले से ज्यादा मक्के की खेती कर रहे हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि यह फसल सिर्फ तीन महीनों में तैयार हो जाती है और उत्पादन भी काफी अच्छा होता है। उन्होंने कहा कि यह फसल



खासकर टिकरा (ऊंची) भूमि के लिए बहुत फायदेमंद है। किसान अच्छी उपज के लिए ओडिशा से हाइब्रिड बीज और खाद खरीदते हैं, जिससे उन्हें बेहतर पैदावार मिलती है।

**वन्यजीवों से फसल की सुरक्षा बड़ी चुनौती-** मक्के की फसल तैयार होने के बाद किसानों को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है – वन्यजीवों से फसल की सुरक्षा। भालू और जंगली सुअर जैसी वन्यप्राणी रात में खेतों में घुसकर फसलों को भारी नुकसान पहुँचाते हैं। इससे बचने के लिए किसानों को रात-रातभर जागकर अपनी फसल की रखवाली करनी पड़ती है।

**17 हजार हेक्टेयर में हो रही है खेती-**



गरियाबंद के कृषि अधिकारी चंदन राय ने बताया कि इस साल मैनपुर और देवभोग क्षेत्रों में कुल 17 हजार हेक्टेयर में मक्का की खेती की जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग लगातार किसानों को समय-समय पर सही सलाह दे रहा है। जहां भी किसानों को कोई समस्या आती है, विभाग के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर उनका समाधान करते हैं। इस साल अच्छी पैदावार होने से किसानों को अच्छे मुनाफे की उम्मीद है।

